आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 23.10.2024 समय : 02.10 pm

रीवा कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा के कृष्णा राज कपूर सभागार, रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, कैबिनेट मंत्री प्रल्हाद पटेल, चैतन्य कश्यप राज्य मंत्री प्रितिमा बागरी मौजूद थी। कॉन्क्लेव मे बड़ी संख्या में उद्योगपति शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश की बिजली उत्पादन में सर प्लस राज्य है। अन्य राज्यों की अपेक्षा औद्योगिक बिजली दर भी कम है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री क्षेत्र के लिए पानी को राज्य में रिजर्व कर के रखा हुआ है।

इस कान्क्लेव के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को समृद्ध और संपन्न बनाना हमारा संकल्प है। उद्योग और निवेश गतिविधियों को विस्तार देने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ मध्यप्रदेश में विद्यमान हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत उद्योग समूहों को प्रदेश में अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से 3 लाख 25 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद मिली और लगभग 2 लाख 45 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव भी तैयार हैं।

जोशी चना दाल

केन्द्र ने आज भारत ब्रैंड चना दाल की बिक्री का दूसरा चरण आरंभ किया। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ लिमिटेड- एनसीसीएफ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन परिसंघ - नेफेड के माध्यम से यह बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने बताया कि भारत चना दाल केन्द्रीय भण्डार, मोबाइल वैन, नेफेड और ई-कॉमर्स माध्यम से 70 रूपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध होगा। इसके अलावा चना 58 रूपये प्रतिकिलो, भारत मूंग दाल 107 रूपये प्रतिकिलो और मसूर दाल नवासी रूपये प्रतिकिलो मिलेगा।

मौसम

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अभी भी कई जिलो में बारिश का दौर जारी है। कल शाम इंदौर में तेज बारिश हुई। आधे घंटे तक हुई बारिश में सड़कों से पानी बहने लगा। खंडवा में करीब पौने 2 इंच पानी गिर गया। आलीराजपुर भी भीग गया। जबकि राजधानी भोपाल में पूरे दिन बादल छाए रहे। इस बीच कुछ जिलों में ठंड भी दस्तक देने लगी है। कई जिलों में रात का तापमान 20 डिग्री से कम है। इनमें जबलपुर, खजुराहो, पचमढ़ी, मंडला, नौगांव, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया, मलाजखंड, रायसेन शामिल हैं। पचमढ़ी में रात का तापमान सबसे कम 17 डिग्री के नीचे है। यहां दिन और रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं।

हॉकी-भारत जर्मनी

भारत और जर्मनी के बीच बहुप्रतीक्षित हॉकी श्रृंखला की शुरूआत आज नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हो रही है। मैच **दोपहर तीन बजे** शुरू होगा। हरमन प्रीत सिंह की कप्तानी में टीम इंडिया जर्मनी के साथ दो मैच खेलेगी, जो मौजूदा विश्व चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक्स की रजत पदक विजेता है। भारत पेरिस ओलंपिक्स-2024 के सेमीफाइनल में 3-2 से मिली हार का बदला लेना चाहेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर पश्चिम मध्य रेल ने रीवा-रानी कमलापति-रीवा, रानी कमलापति-दानापुर और जबलपर से दानापुर के बीच दीपावली और छठ त्यौहार स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 30 नवंबर तक किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले में कल 24 अक्टूबर को विश्व पोलियो दिवस मनाया जाएगा। जिले को पोलियो मुक्त बनाने दो बूंद ज़िंदगी की खुराक बच्चों को पिलायी जाएगी।
- छतरपुर में जिले के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेलों एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 24 अक्टूबर को शासकीय आई.टी.आई. संस्थान महोबा वाय पास रोड में किया जाएगा।